अमर उजाला 17/09/2023

जीएमएन कॉलेज में मनाया ओजोन दिवस

ओजोन दिवस पर मनाई पेंटिंग दिखाती छात्राएं। संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सेल के सहयोग से वनस्पति विज्ञान और प्राणीशास्त्र, रसायन विज्ञान, आईकैक, ईको क्लब विभाग ने शनिवार को ओजोन दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इसका मुख्य लक्ष्य ओजोन परत संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर जानकारी का प्रसार करना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी को सूर्य की अधिकांश हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है।

रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर में एयरोसोल और रेफ्रिजरेंट्स में उपयोग किए जाने वाले ओजोन-क्षयकारी पदार्थ इस सुरक्षा कवच में एक छेद बना रहे हैं, जिसे लोकप्रिय रूप से ओजोन छिद्र के रूप में जाना जाता है।

प्रकृति से छेड़छाड़ के कारण बढ़ रहे त्वचा कैंसर जैसे रोग

इसकी वजह से पौधों, फसलों और अन्य तंत्रों को भी नुकसान

इस छिद्र ने हानिकारक यूवी किरणों को ओजोन परत में प्रवेश करने की अनुमति दी, जिससे त्वचा कैंसर और मोतियाबिंद के मामले बढ़ गए और पौधों, फसलों और पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचा।

इस दौरान 52 छात्र और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के पुरस्कार आगे घोषित किए जाएंगे। इको क्लब के सदस्यों डॉ. मीनू राठी, डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. शिखा जग्गी, डॉ. नेहा का आभार व्यक्त किया।